संvad

Moving Every Mile With A Smile

# Maheshwari Logistics Ltd.

Coal | Logistics | Paper

Welcome 2022

October-December 2021
ISSUE 13

प्राता रत्नं प्रातरित्वा दधाति।।
*An early riser earns good health.*

## स्पर्श



**Richness** - अमीरी

एक अमीरी है सम्पत्ति की जिसे प्राप्त कर मनुष्य दुनियाभर की मनपसंद वस्तुएँ खरीदकर अपना बना सकता है। एक अमीरी है ज्ञान की जिसे प्राप्त कर मनुष्य अपने जीवन की पवित्रता को और मानसिक स्वास्थ्य को सम्भालने में सफल हो सकता है।

एक अमीरी है प्रेम की जिसे प्राप्त कर मनुष्य अपने शत्रुओं को भी मित्र बना सकता है। परंतु एक अमीरी है विश्वास की जिसे पा कर मनुष्य संसार में क्या कुछ नहीं कर सकता है!

सम्पत्ति–ज्ञान–प्रेम और विश्वास ये चारों एक स्थान पर एकत्रित हुए। कुछ समय बाद जब वे अलग हो रहे थे तब सबने पूछा कि यदि हमें मिलना हो तो कौन कहाँ मिलेगा?

सम्पत्ति ने जवाब दिया– बाज़ार, बैंक, तिजोरी, बटुए, जेब और गल्ले में।

ज्ञान ने जवाब दिया– ज्ञानभंडारों, पुस्तकालयों, विद्वानों के दिमाग़ में।

प्रेम ने जवाब दिया– माँ, महात्माओं, सज्जनों के हृदय में, शिशु की निश्चल आँखों में, करुणापूर्ण अंतर्मन में। विश्वास चुप था। तब तीनों ने मिल कर उस से पूछा तुम चले जाओगे तब कहाँ मिलोगे?

विश्वास ने जवाब दिया– एक बार मैं चला जाता हूँ फिर पुनः कभी नहीं मिलता।


राम नाम सुनते ही आँखों के सामने मर्यादापालन आ जाता है। शकुनि का नाम सुनते ही धूर्तता याद आ जाती है। सवाल अब ये आता है की अपने जीवन के इतने सालों में क्या हम कोई गुडविल बना सके हैं कि हमें देखते ही, या हमारा नाम सुनते ही किसी के मन में हमारे प्रति विश्वास का भाव पैदा हो जाए?

अगर हाँ तो समझ लीजिए हम दुनिया के सबसे अमीर इंसान हैं।

उम्मीदें तैरती रहती हैं, कश्तियाँ डूब जाती हैं
कुछ घर सलामत रहते है, आँधियाँ जब भी आती हैं
बचा ले जो हर तूफ़ाँ से, उसे आस कहते हैं
बड़ा मज़बूत है ये धागा जिसे विश्वास कहते हैं।

Mukta Maheshwari
Editor - Samvad

## समन्वय



दोस्तों,

सबसे पहले तो मैं आप सभी को बहुत–बहुत बधाई देना चाहूँगा क्योंकि इस बार आप सभी ने मिल कर MLL के प्रॉफिट को बढ़ाने में अपनी तरफ से कोई भी कसर नही छोड़ी, और मैंने कोई भी कड़ा निर्णय लिया उसमें आप सभी ने मेरा पूरा साथ दिया। आप सभी से कहना चाऊँगा कि हर छोटा बदलाव बड़ी कामयाबी का हिस्सा होता है।

दोस्तों, मैं आप सभी से एक बात कहना चाहता हूँ कि आपको कम्पनी में बहुत सी समस्याएँ दिखती होंगी लेकिन आप अपने हिसाब से उसका हल निकाल कर यदि मेरे पास आएँ तो शायद आप खुद ही उस समस्या को दूर कर लेंगें।

एक और बात– क्या कभी आपने अपने आप से पूछा है कि आपको जो जिम्मेदारी कम्पनी में मिली है उसे आप पूरी तरह से निभा रहे हैं या नही। सभी इसके जवाब में हाँ ही बोलेंगे और सही भी है कि यदि आप सभी अपनी–अपनी जिम्मेदारी सही से नही निभा रहे होते तो कम्पनी आज यहाँ नहीं होती, लेकिन आप सभी की एक और जिम्मेदारी है कि कम्पनी को कैसे टॉप पर लाया जाए, उसके लिए सभी को अपनी तरफ से पूरा ध्यान रखना होगा। हर एक विभाग को अपनी जिम्मेदारी पूरी एकाग्रता के साथ निभानी होगी। परिस्थितियों को दोष मत दीजिये। उससे कैसे निकलें उस पर ध्यान दीजिए। मेरा विश्वास है कि कैसी भी परिस्थितयाँ आ जाएँ हम हार तो नही मानेंगे।


लोग अक्सर बोलते हैं कि 50% लोग असफल हैं हम तो फिर भी बहुत अच्छा कर रहे हैं। मैं उन सभी से यह बोलना चाहूँगा कि हम उन असफल लोगों को क्यों देखते हैं, क्यों हम उन 50% सफल लोगों को नही देखते हैं। मेरा ऐसा मानना है कि जब तक एक भी आदमी सफल है तब तक तो मैं उसी को देखूँगा और अपने आपको उससे बेहतर बनाने में लगा रहूँगा।


अंत में इतना ही कहूँगा कि...

जीत निश्चित हो तो कायर भी लड़ सकते हैं।
बहादुर वो कहलाते हैं जो हार निश्चित हो, फिर भी मैदान नहीं छोड़ते।

Neeraj Maheshwari
CEO, Maheshwari Logistics Ltd.

## MLL Financial Performance






# IN HOUSE TALENT

## *One of the best Management Lesson*



Abhishek Bachchan once asked his father Amitabh Bachchan how does it feel when thousands of people come to see him every Sunday and have been doing so for 20 years.

It must feel great, he assumed.

His father said, " The only thought that comes through my mind is.... will they come again next Sunday?" And what do I do, to keep bettering myself, so they do come again next Sunday too.

After achieving so much, there is still no room for complacency. Success is not bought, but rented every hour!

**Collected by VamsiKrishna, Vapi**


Poonam Dhoot received ***'Hope Of The Year Award'*** from the NGO- The Hope House for her contribution to the organisation's growth and for displaying excellent leadership skills.




## हमारे बापू



लाठी पकड़े चलते थे वो,
हर कदम में उनके ज्ञान था।
हक के लिए आगे बढ़ते थे वो,
हमारे तिरंगे को दिलाया सम्मान था।
जी सकें सब अपनी पहचान के साथ,
अनेक किया उन्होंने बलिदान था।
फ़र्ज़ निभाए वतन के प्रति,
पूरे विश्व में उनका गुण गान था।
एकता और अनुशासन थी ताक़त उनकी,
उनके दृढ़ता और साहस से कोई ना अंजान था।
आंदोलन और मोर्चों द्वारा,
जिन्होंने हक की लड़ाई लड़ी,
वो लाठी धारी महान था।



रितिक बिनानी, बरबिल







**Rina Desai, Ahmedabad**
won a cricket match,
organized by
Anavil Mitra Mandal Yuva Pankh









**Varun Kabra, Ahmedabad**
ran 21.097 km in
1 hour, 53 minutes and 39 seconds
in Adani Marathon



## " एक खरीदो - एक मुफ्त पाओ "

यह एक मार्केटिंग नौटंकी हो सकती है।
लेकिन असल जिंदगी में यह कई मायनों में सच भी है।
हम क्रोध को खरीदते हैं (अर्थात् इस भाव को धारण करते हैं)
तो अम्लता (एसीडिटी) मुफ्त में पाते हैं।
हम ईर्ष्या करते हैं तो सिरदर्द मुफ्त में पाते हैं।
हम नफरत करते हैं तो अल्सर मुफ्त में पाते हैं।
हम स्ट्रेस लेते हैं तो ब्लड प्रेशर फ्री में पाते हैं।

**इसके विपरीत,**

यदि हम विश्वास करते हैं, तो हमें मित्रता मुफ्त में मिलती है।
हम व्यायाम करते हैं, तो हमें स्वास्थ्य मुफ्त में मिलता है।
हम शांति रखते हैं, तो समृद्धि मुफ्त में मिलती है।
हम ईमानदारी रखते हैं, तो हमें नींद फ्री में आती है।
हम प्यार करते हैं, तो हमें अच्छे गुण मुफ्त में मिलते हैं।

**ईश्वर हमें स्वस्थ और उद्देश्यपूर्ण जीवन के लिए सही बुद्धि प्रदान करें।**

संकलन
गोपाल लाल काबरा
जयपुर


आप अपने हुनर को इस पते पर भेज सकते हैं, या priyaupadhyaymlpl@gmail.com पर मेल कीजिए ।
Priyanka Dubey, MLL House, Shed No A2-3/2, Opp. UPL, 1st Phase, GIDC, VAPI - 396 195. Mobile No. 98243 02806

# खाना खजाना - MOMOS




Momos are a popular street food in the Northern parts of India.
They are also known as dim sum or dumplings.
They were first made in Nepal. Here's a recipe for making momos-

| | | |
|---|---|---|
| **For Stuffing** | : | Cabbage, Carrot, Onion, Paneer, Greenonion<br>Pepper, Salt, Chili flakes<br>Mix everything and prepare the stuffing. |
| **For Making Dough** | : | Use Wheat / Maida flour,add salt and water and prepare the dough. |
| **For Making Momos** | : | Roll a thin circle taking a little portion from the dough,<br>place a little stuffing in the centre and start pleating the edges slowly<br>and gather everything.<br>Press in the middle and seal the momos forming a bundle.<br>Now steam or fry them. Serve with momos chutney. |



**Honey Desai, Vapi**

## Facts About The Brain




The brain is part of your body's central nervous system. It's the most complicated part of your body. It has the ability to send and receive an enormous amount of information. Because it is so complex, there are some things doctors and scientists don't completely understand yet about it. This also means that there are some amazing things you may not know about your brain.

1. An adult brain weighs about 3 pounds.
2. About 75 percent of the brain is made up of water. This means that dehydration, even in small amounts, can have a negative effect on brain functions.
3. The human brain will grow three times its size in the first year of life. It continues to grow until you're about 18 years old.
4. Headaches are caused by a chemical reaction in your brain combined with the muscles and nerves of your neck and head.
5. The brain of a human contains approximately one hundred billion neurons.
6. It is a myth that humans only use 10 percent of their brain. We actually use all of it. We're even using more than 10 percent when we sleep.
7. Cholesterol is key to learning and memory. However, high cholesterol has different effects depending on your age and other factors.
8. The human brain begins to lose some memory abilities as well as some cognitive skills by your late 20s.
9. Computer or video games may help improve cognitive abilities. However, more studies must be conducted to learn how much they help or what types of games help.
10. Your brain uses 20 percent of the oxygen and blood in your body.




**Collected by**
**Lisa Singh, Vapi**

## खेल खेल में

### Match the pictures with the correct words



Happy
Sad
Energetic
Angry
Sick
Thirsty
Good
Sleepy
Bad
Surprised
Scared
Healthy
Bored
Thoughtful
Tired
Okay
Ashamed
Hungry



### RIDDLES

1. Which number will complete this sequence?
   3, 7, 15, 31, ?

2. बूझो तो जाने
   ना कभी किसी से किया झगड़ा
   ना कभी करी लड़ाई
   फिर भी होती रोज़ पिटाई



पिछले अंक में जो रिडल्स पूछे गए थे उनके सही जवाब देने वालों के नाम हैं
Surat- Darshan
Vapi- Jarnail Singh Chauhan,
Priyanka Dubey, Shubham Maheshwari
रिडल्स के सही जवाब इस प्रकार हैं-
1. K    2. Match Stick

Last edition Sudoku solved by
Vapi- Iradat Ansaari, Yogesh Mistry

प्रतियोगिता

**" नव वर्ष के लिए मेरा संकल्प "**
**My Resolution for New Year**

इस विषय पर अपने विचार English या हिंदी में ८०-१०० शब्दों में लिख कर भेजिए।
सबसे अच्छी entry को मिलेगा special ईनाम और अगले अंक में उसकी कृति को प्रकाशित किया जाएगा।
बच्चों व बड़ों के लिए अलग अलग ईनाम हैं।

रिडल्स के सही जवाब आपको 15th February तक भेजने हैं।
जिनके भी जवाब सही होंगे, उनमें से लकी ड्रॉ के द्वारा 5 नाम चुन कर संवाद के अगले अंक में उत्तर के साथ प्रकाशित किए जाएँगे ।

# GLIMPSE OF EVENTS



Diwali Pooja at MLL House, Vapi



Transport Meeting at Ahmedabad





Navratri Pooja at MLL House, Vapi




Certificate of appreciation received from J K Cement

## घर के लिए महत्वपूर्ण वास्तु नियम




वास्तु के अनुसार ८ दिशाओं का बेहद महत्त्व है और इन आठों दिशाओं की अलग अलग विशेषताएँ हैं। अलग-अलग दिशाओं की विशेषताएँ समझकर आप किसी भी निर्माण में सुख-शांति का जतन कर सकते हैं। इसमें प्रमुख है...

**१. उत्तर दिशा :**

इस दिशा के देवता कुबेर हैं और ग्रह स्वामी बुध हैं। उत्तर की दिशा को खाली रखना आवश्यक है। इस दिशा में घर के सबसे ज्यादा खिड़की और दरवाजे होने चाहिए। उत्तर का मुख्य दरवाजा धन सम्पदा देने वाला होता है। घर की बालकॉनी व वॉश बेसिन भी इसी दिशा में होना चाहिए। उत्तर दिशा में दर्पण लगाया जा सकता है। उत्तर दिशा को जितना साफ़ और हल्का रखा जाये उतना शुभ होता है। इस दिशा में रसोईघर और टॉयलेट होना अशुभ है।

**२. उत्तर पूर्व दिशा :**

इस दिशा में जल और भगवान शिव का अपना स्थान है और इस दिशा का स्वामी बृहस्पति ग्रह है। ईशान कोण में पूजा स्थल, मटका, कुआँ, बोरिंग, पानी की टंकी आदि बनवा सकते हैं।

**३. पूर्व दिशा :**

इस दिशा के स्वामी सूर्य हैं, देवता इंद्र हैं। यह स्थान जितना खुला होगा उतना अच्छा फल मिलेगा। इस दिशा से सकारात्मक व ऊर्जावान किरणें हमारे घर में प्रवेश करती हैं। मुख्य कमरा ( बैठक ) यहाँ पर श्रेष्ठ माना गया है। अगर बच्चे किसी गवर्मेंट जॉब( IAS, PCS, Politics ) की तैयारी कर रहे हों तो बच्चों की पढाई टेबल यहीं रख कर पूर्व की और मुँह करके पढाई करानी चाहिये।

**४. दक्षिण पूर्व दिशा :**

इस दिशा में अग्नि का स्थान होता है। शुक्र ग्रह इस दिशा का स्वामी होता है। आग्नेय कोण का उपयोग रसोई या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि के लिए किया जा सकता है।

**५. दक्षिण दिशा :**

दक्षिण दिशा, यम और मंगल की शक्ति के प्रभुत्व वाली, पृथ्वी तत्व की प्रमुख दिशा है। यह जगह भी भारी होनी चाहिए। यहाँ पर सोने का कमरा बनवाया जा सकता है। घर में इस स्थान पर भारी सामान रखें। यदि इस दिशा में द्वार या खिड़की है तो घर में नकारात्मक ऊर्जा रहेगी।

**६. दक्षिण-पश्चिम दिशा :**

इस दिशा में पृथ्वी तत्व स्थित है और इस दिशा के स्वामी राहु और केतु हैं। दक्षिण को ऊँचा और भारी रखना चाहिए। इस दिशा में खुलापन अर्थात खिड़की, दरवाजे बिलकुल ही नहीं होने चाहिए। घर के मुखिया का कमरा यहाँ श्रेष्ठ माना गया है ।

**७. पश्चिम दिशा :**

इस दिशा के देवता वरुण हैं और ग्रह स्वामी शनि हैं। यह दिशा भी वास्तु के नियमों के अनुसार ही होनी चाहिए। यहाँ पर भोजन कक्ष( Dining Room ) होना चाहिए ।

**८. उत्तर पश्चिम दिशा :**

इस दिशा में वायु का स्थान होता है और चंद्रमा इस दिशा का स्वामी होता है। अतिथि कक्ष होना श्रेष्ठ है, शादी योग्य कन्या को यहाँ सुलाने पर शादी के योग जल्दी बनते हैं। फैक्ट्री का तैयार माल यहाँ रखने से बना माल जल्दी बिकता है। इस दिशा में गैराज बनाया जा सकता है।



सचिन त्रिपाठी, वापी

majithia - 9825268468